दिनांक : 22.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

भारतीय नौसेना के कमांडर सम्मेलन 2025 का दूसरा संस्करण आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। तीन दिवसीय ये सम्मेलन ऑपरेशन सिंदूर और नौसेना के अभियानों की गति और तैयारियों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे और व्यापक राष्ट्रीय हितों और विकसित भारत 2047 पर विजन पेश करेंगे। नौसेना प्रमुख, कमांडर–इन–चीफ के साथ, हिंद महासागर क्षेत्र में समग्र सुरक्षा स्थिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा और मूल्यांकन करेंगे।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कल जैसलमेर दौरे का कार्यक्रम है। दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास के दौरान वे सेना के एक सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री सिंह भारत–पाकिस्तान सीमा के पास स्थित तनोट और लोंगेवाला पोस्ट का भी दौरा करेंगे। रक्षामंत्री के इस दौरे को सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा तैयारियों और तैनाती की समीक्षा करेंगे। रक्षामंत्री का सीमा चौकियों पर तैनात जवानों से संवाद का भी कार्यक्रम है।

000

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का सम्मेलन आज से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। चुनाव आयोग की ओर से किये जा रहे दो दिन के इस सम्मेलन में मतदाता सूची से जुड़े विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस दौरान आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उपायों पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

000

जयपुर–सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तड़के कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा चौमं इलाके में रामपुरा पुलिया के पास हुआ। ये लोग जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र के नांगल जैसा बोहरा गांव के रहने वाले थे और खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे।

उधर, सवाईमाधोपुर में कल रात कार और टैंपो की टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और छह व्यक्ति घायल हो गये। दुर्घटना गंगापुरसिटी इलाके में लालपुर उमरी के पास हुई। घायलों को जयपुर रैफर किया गया है।

000

दीपोत्सव की कड़ी में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में इन पर्वों में श्रद्धा, भक्ति और परम्परा का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। गोवर्धन परिक्रमा के अहम पड़ाव डीग के पूंछरी का लौठा में ये पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि मंदिरों में श्रीकृष्ण के भजनों की गूंज है तथा दुग्धाभिषेक के कार्यक्रम हो रहे हैं।

...............

पूजा के लिए श्रद्धालुओं ने गोबर से पापम्परिक गोवर्धन बनाए और आस्थ के साथ पूजा–अर्चना की। इसके बाद सामूहिक परिक्रमा भी की गई। इस बार दो अमावस्या होने के कारण कुछ परिवारों ने कल शाम को ही गोवर्धन पूजा की। वहीं अधिकतर घरों में आज सुबह ये पूजा हुई। उधर, पाली के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न परम्पराएं निभाई जा रही हैं और सामरिया मंदिर में अन्नकूट प्रसादी वितरण किया जा रहा है। सलूम्बर, डूंगरपुर और राजसमंद सहित अन्य स्थानों पर भी लोक परम्पराओं की रंगत देखी जा रही है। दीपोत्सव के तहत कल भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा। इसी के साथ छह दिवसीय दीपोत्सव का समापन होगा।

000

राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य के आस–पास दर्ज किये जा रहे हैं। हालांकि बीते 24 घंटों में कई जगह दिन के तापमान में कमी आई है। वहीं आज 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सिरोही के माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 15 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे सुबह–शाम और रात के समय हल्की सर्दी का एहसास बना हुआ है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं कुछ भागों में बादल छाए रह सकते हैं।

000